एक नजर में

हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर ने काजा फी प्लाजा पर टोल संचालन प्रारंभ किया

इंदौर . हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचआईएल) ने आंध्र प्रदेश में एनएच-16 के चिलकालूरिपेट-विजयवाड़ा खंड पर स्थित काज़ा फी प्लाज़ा पर 23 जनवरी से टोल संचालन प्रारंभ कर दिया है. यह प्रोजेक्ट एनएच -16 पर 355 .0 किमी. से 437 .5 किमी. (कुल लंबाई 82 .5 किमी) तक फैला है. इस अवसर पर अरुण कुमार जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, ने कहा काज़ा फी प्लाज़ा पर टोल संचालन की शुरुआत हमारे अब तक के सबसे बड़े पैमाने के टोल संचालन अनुबंध के क्रियान्वयन को दर्शाती है और यह हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह प्रोजेक्ट एनएचएआई द्वारा हमारी ऑपरेशनल क्षमताओं पर दिखाए गए भरोसे को दिखाता है और आंध्र प्रदेश में एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण नेशनल हाईवे कॉरिडोर पर हमारी मौजूदगी को मजबूत करता है.

एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने की 'अब होगा हिसाब' की घोषणा

इंदौर . एमेज़ॉन का मुफ़्त वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने अपनी आने वाली सीरीज़ अब होगा हिसाब की घोषणा की है. पंजाब की पृष्ठभूमि पर बनी यह सीरीज़ महत्वाकांक्षा, भाईचारे और बेहतर भविष्य की तलाश में होने वाले पलायन की सच्चाइयों को दर्शाती है. सच्ची घटनाओं से प्रेरित अब होगा हिसाब दो भाइयों, बॉबी और बंटी मनोचा की कहानी है, जिनकी ज़िंदगी एक ऐसी घटना के बाद पूरी तरह बदल जाती है, जो उन्हें ताकत, लालच और ज़िंदगी बचाने की जंग से भरी एक ख़तरनाक दुनिया में धकेल देती है. सीरीज़ के बारे में अमोघ दुसाद, डायरेक्टर और हेड ऑफ़ कंटेंट, एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने कहा अब होगा हिसाब में दमदार अभिनय, गहरी भावनात्मक ताक़त और सच्चे अनुभवों से प्रेरित एक दुनिया देखने को मिलेगी. यह सीरीज़ एक ऐसी कहानी पेश करती है जो ज़मीन से जुड़ी होने के साथ-साथ दर्शकों को पूरी तरह बाँधे रखती है.

कैंटाबिल ने इंदौर में रिटेल बिजनेस का किया विस्तार

इंदौर . कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है. स्टोर ग्राउंड फ्लोर, रॉयल पार्क, राऊ में है. पुरुषों के लिए फॉर्मल वियर, कैजुअल और पार्टी वियर कपड़ों के साथ-साथ एक्सेसरीज का बड़ा कलेक्शन देने के लिए समर्पित, कैंटाबिल ने रिटेल अनुभव को फिर से परिभाषित किया है. कैंटाबिल रिटेल इंडिया के डायरेक्टर दीपक बंसल ने कहा हम इंदौर में अपना नया मेन्स और एक्सेसरीज-एक्सक्लूसिव स्टोर शुरू करके बहुत खुश हैं. कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में बहुत तारीफ पाई है, जो कस्टमर्स को पसंद आ रहा है. हमारा नया स्टोर पुरुषों के लिए फैशन-फॉरवर्ड कपड़ों की एक बड़ी रेंज दिखाएगा. पूरे भारत में अपनी मजबूत मौजूदगी के साथ, हम आने वाले सालों में अपनी रिटेल पहुंच को और बढ़ाने के लिए कमिटेड हैं.

टीकेएम ने हाइराइडर के लिए क्यूरेटेड टेक पैकेज लॉन्च किया

इंदौर . टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी, अर्बन क्रूजर हाइराइडर के लिए एक क्यूरेटेड टेक पैकेज पेश किया है, जिसका मकसद इसकी ओवरऑल अपील को बढ़ाना है. रोजाना ड्राइविंग कम्फर्ट और सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया, यह टेक पैकेज स्मार्ट, सहज टेक्नोलॉजी को एक साथ लाता है जो हर यात्रा को सुरक्षित, अधिक कनेक्टेड और खास तौर पर प्रीमियम बनाती है. 2022 में लॉन्च होने के बाद से अर्बन क्रूजर हाइराइडर को भारत भर के ग्राहकों ने इसके बोल्ड डिजाइन, एडवांस्ड हाइब्रिड टेक्नोलॉजी और फ्यूल-एफिशिएंट परफॉर्मेंस के लिए खूब पसंद किया है. इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, टेक पैकेज की शुरुआत मॉडल की चाहत को और बढ़ाती है, जो रोजाना के कम्फर्ट और सुविधा के लिए डिजाइन की गई स्मार्ट, सहज टेक्नोलॉजी के जरिए इन-केबिन अनुभव को बेहतर बनाती है.

शुक्ला असम चुनाव के मीडिया को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

इंदौर . प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला को एआईसीसी ने असम राज्य के विधानसभा चुनाव का मीडिया को ऑर्डिनेटर बनाया है. शुक्ला को असम के 7 जिलों का प्रभार दिया गया है. प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला असम की छब्बीस विधानसभाओं में कांग्रेस की मीडिया टीम एवं जिला अध्यक्षों की टीम का गठन कर स्थानीय मुद्दों पर भाजपा के खिलाफ अपनी बात रखेंगे.

हिमालया वेलनेस व आरसीबी महिला टीम ने मिलाया हाथ

इंदौर . फेस वॉश ब्रांड हिमालया वेलनेस ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 1डरवुमन एकेडमी का अनावरण किया. यह शुरुआत 1डरवुमन पहल की गति को आगे बढ़ाते हुए, जो युवा लड़कियों को चुनौतियों से उबरने में सहायता करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्रों में नंबर 1 बनने के लिए प्रेरित करती है. यह प्लेटफॉर्म युवा लड़कियों और उनकी पसंदीदा महिला क्रिकेटरों के बीच की दूरी को कम करणे के लिए तैयार किया गया है. राजेश कृष्णमूर्ति, बिज़नेस डायरेक्टर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन, हिमालया वेलनेस कंपनी, ने कहा 1डरवुमन एकेडमी अकादमी के शुभारंभ के साथ, हम प्रेरणा से आगे बढ़कर कार्रवाई की दिशा में कदम उठा रहे है और युवा लड़कियों के लिए सीख, आत्मविश्वास और दीर्घकालिक विकास को समर्थन देने वाला वाला एक स्पष्ट मार्ग बनाकर प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं.

टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों को लॉन्च किया

इंदौर . टाटा मोटर्स ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है. यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक्स.इवी रेंज और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है. नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, श्री गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा नई अजुरा सीरीज, दो उन्नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व्यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए आई-एमओईवी आर्किटेक्चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज्यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं. इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो.

आईएमडी ने स्ट्रक्चर्ड सस्टेनेबिलिटी पर केस स्टडी प्रस्तुत की

इंदौर . सस्टेनेबल और दायित्वपूर्ण आतिथ्य हेतु की गई इंडियन होटल्स कंपनी (आईएचसीएल) की पहल 'पथ्य' को इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी बिज़नेस स्कूल), लूज़ान, स्विटज़रलैंड की एक विस्तृत केस स्टडी में शामिल किया गया है. यह स्टडी सस्टेनेबिलिटी के लिए आईएचसीएल के संरचित तरीके और व्यापार रणनीतिक में इसके एकीकरण की पड़ताल करती है. आईएचसीएल के कार्यकारी उपाध्यक्ष - मानव संसाधन गौरव पोखरियाल ने कहा भारत की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में अग्रदूत के तौर पर आईएचसीएल ने इस क्षेत्र में कई मानक स्थापित किए हैं, जो लगातार विकसित हो रहे हैं. आज, हॉस्पिटैलिटी को सस्टेनेबल बनाना एक साझा ज़िम्मेदारी है. पथ्य एक ऐसे भविष्य की राह है जहां वृद्धि और ज़िम्मेदारी साथ-साथ चलें.

ओरा पर डायमंड फेस्टिवल 2026 हुआ शुरू

इंदौर . ओरा फाइन ज्वेलरी ने गौरव, प्यार और जश्न के मौसम में प्रवेश करते हुए अपना बहुप्रतीक्षित डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू किया है, जिसमें हर किसी को हीरे की चमक प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा. जनवरी में रिपब्लिक डे की परेड के साथ गौरव और उल्लास के मौसम से लेकर वैलेंटाईन डे के अवसर पर प्यार और रोमांस के मौसम तक, इस डायमंड फेस्टिवल में शानदार कारीगरी, आधुनिक डिज़ाईन और आकर्षक वैल्यू ऑफर ग्राहकों को मिलेंगे. डायमंड फेस्टिवल में ओरा की प्रेसिज़न, विश्वास और शाश्वत सौंदर्य की विरासत के अनुरूप बेहतरीन डायमंड ज्वेलरी सेट उपलब्ध होंगे. इस फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों को अनेक एक्सक्लुसिव ऑफर दिए जा रहे हैं, जो उनके शॉपिंग के अनुभव को और अधिक बेहतर बना देंगे.

समांथा रुथ प्रभु गुड गेम की ग्लोबल एंबेसडर बनीं

इंदौर . गुड गेम ने आज भारत में अपनी शुरुआत का ऐलान किया है. जानी-मानी एक्ट्रेस, एंटरप्रेन्योर और यूथ आइकन सामंथा रुथ प्रभु को भारत के सबसे डायनामिक क्रिकेट आइकन ऋषभ पंत और भारत के सबसे प्रभावशाली गेमिंग क्रिएटर्स में से एक उज्ज्वल चौरसिया (टेक्नो गेमर्ज़) के साथ ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है. गुड गेम ने एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम पुरस्कार राशि की भी घोषणा की. गुड गेम के फाउंडर राय कॉकफील्ड ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी एंटरटेनमेंट और गेमिंग कम्युनिटी में से एक है, और हमें खुशी है कि हम भारत में पहली बार इन दोनों वर्गों के बीच के अंतर को खत्म कर रहे हैं. गुड गेम पूरे भारत की प्रतिभाओं को वैश्विक पहचान और ज़िंदगी भर के मौकों के लिए रास्ता बनाने में मदद करेगा, जिससे ज़िंदगी और करियर बदल जाएंगे.

बीआरटीएस मामले में अब 25 फरवरी को सुनवाई

नगर निगम को नए टेंडर के लिए दिया समय

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के बीआरटीएस सड़क मामले में हाईकोर्ट ने नगर निगम को नया ठेकेदार नियुक्त करने का समय दे दिया है. मामले में अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी.

वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया द्वारा बीआरटीएस सड़क को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की बेंच में बीआरटीएस सड़क से रैलिंग और बेरिकेट्स हटाने को लेकर सरकारी अधिवक्ता ने नगर निगम द्वारा नए टेंडर जारी करने के कोर्ट में जानकारी दी. साथ बीआरटीएस से सभी जिन और सेंट्रल डिवाइडर का काम शुरू होने की दलील दी. अधिवक्ता ने निगम की

कारवाई पर सवाल उठाए और कहा कि पक्के निर्माण और सड़क को लेकर निगम फिर से ठेकेदार के नाम समय मांग रहा है. सरकारी अधिवक्ता ने कहा कि टेंडर लेने वाला ठेकेदार तैयार नहीं है, ऐसे में ने ठेकेदार के लिए टेंडर जारी कर दिए है, लेकिन प्रक्रिया पूरी करने में समय लगेगा.

व्यवधान का समाधान करने के आदेश

जस्टिस शुक्ला ने ठेकेदार को लेकर कहा कि ठीक है जल्दी कारवाई पूरी करें. साथ समिति को निर्देश दिए कि शेष कार्य के सुझाव पीडब्ल्यूडी को दें और पीडब्ल्यूडी उनको पूरा करें. सरकारी वकील के तर्कों से सहमत होकर हाईकोर्ट ने बीआरटीएस सड़क मामले में अगली सुनवाई 25 फरवरी तय की. साथ निगम अधिकारियों को बीआरटीएस के व्यवधान को तुरंत समाधान करने के आदेश दिए.

स्नेह धाम के फ्लैट बेचेगा आईडीए

प्रस्ताव बनाने में जुटे अधिकारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. आईडीए सीनियर सिटीजन भवन के फ्लैट बेचेगा. इसका प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड में रखने की तैयारी शुरू हो गई है. अधिकारी नियम शर्ते तय करने में लगे है.

पिछले साल जून में आईडीए ने योजना 134 में 16 करोड़ की लागत से छह मंजिला भवन का का निर्माण किया था. उक्त सीनियर सिटीजन के लिए बने भवन का नाम स्नेह धाम रखा गया था और मुख्यमंत्री ने उक्त भवन का लोकार्पण किया था. 32 फ्लैट वाली छह मंजिला भवन में वृद्धजनों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने और संधारण का ठेका रतलाम की बालाजी होटल प्रा. लिमिटेड ने लिया था. उक्त बिल्डिंग को मुंबई, पुणे की तर्ज पर अकेले रहने वाले वृद्धजनों के लिए किराए पर देकर सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा गया था, लेकिन इंदौर में आईडीए का यह प्रयोग असफल हो गया. आईडीए ने बालाजी होटल प्रालि का ठेका निरस्त कर वापस भवन पर कब्जा ले लिया है.

नियम, शर्तें तय की जा रहीं

सूत्रों के अनुसार आईडीए अब उक्त भवन के 32 फ्लैट बेचने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है. इसके लिए आईडीए के वरिष्ठ अधिकारी नियम शर्ते तय कर रहे हैं. उक्त प्रस्ताव को बोर्ड बैठक में रखा जाएगा और फिर टेंडर जारी होंगे.

क्रिश्चियन कॉलेज जमीन मामले में हाई कोर्ट से स्टे

400 करोड़ की जमीन सरकार के हाथ से फिसली

इंदौर. आखिर क्रिश्चियन कॉलेज प्रबंधन को हाईकोर्ट से से मिल गया. अगली सुनवाई डेढ़ माह बाद होगी. कोर्ट में स्टे का आधार अपर आयुक्त कोर्ट में लगी याचिका को बनाया गया है. राजस्व अपर आयुक्त कोर्ट के आदेश में प्रति परीक्षण याचिका की सुनवाई 3 फरवरी नियत कर यथा स्थिति के आदेश थे, जिसको तथ्यहीन करार दिया था.

क्रिश्चियन कॉलेज की 400 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन सरकारी घोषित करने के खिलाफ हाईकोर्ट ने स्टे दे दिया है. उक्त मामले में आज हाईकोर्ट में जस्टिस प्रणय वर्मा की कोर्ट में अर्जेंट सुनवाई के लिए कॉलेज प्रबंधन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागड़िया द्वारा याचिका दायर की गई थी. याचिका में कलेक्टर के आदेश को गलत बताते हुए कहा कि धारा 181 और 182 में सुनने का अधिकार नहीं है. मध्यप्रदेश राजस्व अधिनियम 1959 में राजस्व न्यायालय का मामला है. कलेक्टर के आदेश के खिलाफ कॉलेज प्रबंधन ने 19 जनवरी को राजस्व अपर आयुक्त की कोर्ट में प्रति परीक्षण याचिका दायर की थी, कलेक्टर कोर्ट ने इसके पहले प्रतिपरीक्षण याचिका खारिज कर दी गई थी. इसके बाद 12 जनवरी को कलेक्टर आदेश दे दिया, जबकि 23 जनवरी को उक्त मामले में कलेक्टर के यहां तारीख थी.

अपर आयुक्त राजस्व कोर्ट ने 26 दिसंबर को ही उक्त जमीन मामले में स्थगन दे दिया और फिर 7 जनवरी को कलेक्टर आदेश के खिलाफ यथास्थिति बनाए रखते हुए 3 फरवरी सुनवाई तारीख दी. मतलब स्टे बरकरार था. मामले में खास बात यह है कि 23 जनवरी की तारीख सुनवाई के पहले ही कलेक्टर ने 12 जनवरी को सरकारी जमीन घोषित करने के आदेश दे दिए थे. हाईकोर्ट जस्टिस प्रणय वर्मा ने याचिकाकर्ता क्रिश्चियन कॉलेज प्रबंधन के अधिवक्ता अजय बागड़िया के तर्कों से सहमत होकर स्टे दे दिया. अब उक्त मामले में अगली सुनवाई डेढ़ माह बाद होगी.

कल ओले गिरने के बाद आज पारा 4 डिग्री लुढ़का

दिनभर चली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई

नव भारत न्यूज

इंदौर. देश ऊपरी हिस्सों में बर्फबारी से प्रदेश में कल उज्जैन सहित कई शहरों में ओले गिरे. वहीं शहर में भी कई क्षेत्रों में बारिश हुई और कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई. इस कारण आज शहर का तापमान सामान्य से 4 डिग्री गिर गया और दोपहर बाद चली ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी.

पिछले दो दिनों से ऊपरी हिस्सों में कम दबाव का पक्का सिस्टम बनने के कारण बर्फबारी हो रही है. मैदानों इलाकों में बारिश हुई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे. कल उज्जैन में अंडे के आकार के ओले पड़े. वहीं शाजापुर, सीहोर, ग्वालियर, भोपाल सहित कई शहरों में तूफानी ठंडी हवाओं ने भारी ठिठुरन बढ़ा दी. उक्त शहरों में बर्फीली हवाओं के कारण कंपकपाने वाली ठंड पड़ रही है. इंदौर में भी कल मौसम ने करवट बदली और शहर के पश्चिम क्षेत्र में 15 मिनट

तक तेज बारिश हुई. कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई. आज शहर में दिनभर 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चल रही थी. इस कारण आज दिन का अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज हुआ है जो सामान्य से 4 डिग्री कम था. यही नहीं शाम को ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाते हुए पारा और लुढ़का दिया. शाम को 5.30 बजे तापमान 20 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 7 डिग्री कम है.

एक हफ्ते तक तेज ठंड पड़ने की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार देश के ऊपरी इलाकों में हो रही लगातार बर्फबारी से आने वाले एक हफ्ते तक तेज या बहुत तेज ठंड पड़ने की संभावना है. दिन में भी गर्म कपड़ों के बिना घरों से निकलना शारीरिक रूप से नुकसानदायक साबित हो सकता है.

छात्र जीवन की स्मृतियों को ताजा किया

द दिगम्बर स्कूल बैच 2000 का भावनात्मक पुनर्मिलन समारोह संपन्न

इंदौर. द दिगम्बर स्कूल के वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्रों का भावनात्मक पुनर्मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया. इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापक सिंधु मेंढके, प्रबंधक दिलीप ठोकर, वर्तमान प्राचार्य विंस्टन गोमेज एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रकाश चौधरी सहित 15 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम की शुरुआत माणिकबाग रोड स्थित पुराने परिसर से हुई, जहाँ से पूर्व छात्र विद्यालय बस द्वारा खंडवा रोड

स्थित नए परिसर पहुँचे. वहाँ उन्होंने विद्यालय में हुए परिवर्तनों को देखा और अपने छात्र जीवन की स्मृतियों को ताज़ा किया. पूर्व शिक्षकों द्वारा कक्षाएँ ली गईं, सामूहिक प्रार्थना एवं भोजन का आयोजन किया गया. आयोजन को सफल बनाने में सौरभ गुप्ता, सिद्धार्थ जैन, अभिषेक जैन, पूजा छाबड़ा एवं गौरव लड्ढा का विशेष योगदान रहा. संचालन भव्य मंत्री एवं वैभव गोयल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंशुल मंगल ने प्रस्तुत किया. यह आयोजन गुरु-शिष्य परंपरा और भावनात्मक जुड़ाव का प्रेरणादायक प्रतीक बना.

ट्रेजर आइलैंड मॉल में गणतंत्र दिवस का आयोजन

इंदौर. ट्रेज़र आइलैंड मॉल ने डीपीएस स्कूल के सहयोग से गणतंत्र दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया. इस आयोजन में कला, संगीत और सामुदायिक भागीदारी का संगम देखने को मिला. डीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और देशभक्ति को कला और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया. कार्यक्रम की शुरुआत 25 जनवरी को एक कला प्रदर्शनी से हुई, जिसमें छात्रों द्वारा बनाई गई 60 से अधिक कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं. इस प्रदर्शनी को अच्छा प्रतिसाद मिला और लगभग 130 छात्र एवं उनके परिवारजन मॉल पहुंचे. कलाकृतियों में देशभक्ति, एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली, जिसे मॉल में आए आगंतुकों ने सराहा. इसके बाद देशभक्ति गीतों पर आधारित एक संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 20 छात्रों ने प्रस्तुतियां दीं. इस कार्यक्रम में छात्रों के परिवारों और मॉल आगंतुकों सहित 80 से अधिक लोग शामिल हुए. पूरे माहौल में गर्व और उत्साह की भावना दिखाई दी.

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया ईजी

इंदौर . उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज अपने उन्नत मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म, उज्जीवन ईज़ी (ईज़ेडवाई) लॉन्च करने की घोषणा की. यह बैंक की डिजिटल प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की रणनीति को मज़बूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है. उज्जीवन के ईज़ी को खुदरा ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो मोबाइल और वेब चैनलों पर एकीकृत, सुरक्षित और सहज बैंकिंग का अनुभव प्रदान करता है. यह नौ भाषाओं- अंग्रेज़ी, हिंदी, कन्नड़, गुजराती, मराठी, बंगाली, उड़िया, पंजाबी और तमिल में उपलब्ध है. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रणनीति और परिवर्तन प्रमुख दीपक अग्रवाल ने कहा ईज़ी का लॉन्च एकल डिजिटल चैनलों से एकीकृत डिजिटल परितंत्र की ओर अग्रसर होने के हमारे प्रयास को रेखांकित करता है। यह प्लेटफॉर्म तेज़ नवाचार, ग्राहक सहभागिता और वहनीय कारोबार के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करता है. साथ ही, यह विश्वास, सरलता, सुरक्षा और वित्तीय समावेश पर विशेष ध्यान देने की हमारी नीति के अनुरूप है.

एक नजर में मध्यप्रदेश ज्ञान सभा-2082 का शुभारंभ, शिक्षा को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने पर मंथन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय समाज के चरित्र पुनर्निर्माण का दस्तावेज

इंदौर. श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल तथा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय मध्यप्रदेश ज्ञान सभा-2082 का शुभारंभ वैष्णव विद्या परिसर, साउथ राजमोहल्ला में हुआ. मध्यप्रदेश ज्ञान सभा 'विकसित भारत-स्वर्णिम युग की ओर 2047' के राष्ट्रीय संकल्प को केंद्र में रखते हुए आयोजित की जा रही है. उद्घाटन सत्र मध्यप्रदेश के विकास के लिए शिक्षा विषय पर आधारित रहा.

आयोजन का उद्देश्य शिक्षा को मध्यप्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं आर्थिक विकास से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की दिशा में सार्थक विमर्श को आगे बढ़ाना है. उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मनमोहन

वैद्य, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि तकनीकी प्रगति आवश्यक है, लेकिन उसका प्रभाव हमारी नैतिकता और मूल्यबोध पर नहीं पड़ना चाहिए. शिक्षा का दायित्व है कि वह कर्मप्रधान, चरित्रवान और उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करें. मुख्य वक्ता डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन नहीं, बल्कि भारतीय समाज के चरित्र पुनर्निर्माण का दस्तावेज है. वर्तमान समय में शिक्षा में चरित्र का संकट एक गंभीर चुनौती है, जिसका समाधान भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित है.

राष्ट्र निर्माण की आधारशिला-श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. योगेश चंद्र गोस्वामी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है. विशेष अतिथि डॉ. प्रकाश शास्त्री, मालवा प्रांत संघ संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शिक्षा को संस्कृति से जोड़ने पर बल देते हुए कहा कि मूल्य आधारित और शासन-मुक्त शिक्षा मॉडल भारतीय ज्ञान परंपरा को सशक्त आधार प्रदान करता है. ओमप्रकाश शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने ज्ञान सभा की अवधारणा और उसके राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डाला. सुनील पांड्या, प्रांत संयोजक, ने शिक्षा के भारतीय दृष्टिकोण को पुनर्स्थापित करने की आवश्यकता बताई. अंत में डॉ. प्रियदर्शिनी अग्निहोत्री, प्रांत सह संयोजक, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने आभार व्यक्त किया. ज्ञान सभा के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया.

मप्र शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहा : विजयवर्गीय

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शिक्षा यदि भारतीय मूल्यों से जुड़ी होगी तो वही शिक्षा भारत को विश्वगुरु बनाने में सक्षम होगी. मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और मूल्य आधारित पहल के माध्यम से अग्रणी भूमिका निभा रहा है. इस अवसर पर वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी ने ट्रस्ट की शिक्षा, सेवा और सामाजिक दायित्व से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी. प्रति कुलाधिपति कमल नारायण भुराड़िया भी समारोह में उपस्थित रहे.